# बोर्ड परीक्षा केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, हाजिरी रजिस्टर में प्रश्न चिह्न लगाने से शिक्षक नाराज

## राउमावि हिंडौन सिटी के प्रिंसीपल एवं परीक्षा केन्द्र अधीक्षक ने एसडीएम पर लगाया अभद्रता का आरोप, प्रदर्शन कर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सचिव को भेजी शिकायत

कार्यालय संवाददाता | हिंडौन सिटी

राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के प्रिंसीपल एवं बोर्ड परीक्षा केन्द्र अधीक्षक शक्तिसिंह ने बुधवार को बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम शेरसिंह लुहाड़िया के खिलाफ शिक्षकों से अभद्रता करने का आरोप लगाया है। बताया कि बुधवार को 10:15 बजे एसडीएम परीक्षा केन्द्र पर निरीक्षण करने पहुंचे तो उपस्थिति रजिस्टर में उन 25 शिक्षकों के नाम के आगे प्रश्न चिह्न लगा दिए, जिन्हें परीक्षा के बाद उपस्थित होना था। इस बारे में एसडीएम को अवगत कराया गया तो उन्होंने उनसे अभद्रता करते हुए कहा कि उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है, टर्मिनेट करा दूंगा। यही नहीं अतिरिक्त केन्द्र अधीक्षक एवं अन्य शिक्षकों से भी सही ढंग से पेश नहीं आए। एसडीएम की कार्यशैली से नाराज हुए राजकीय सीनियर स्कूल के सभी शिक्षकों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। एसडीएम की ओर से अभद्रता करने की शिकायत केन्द्र अधीक्षक शक्तिसिंह की ओर से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव को पत्र भेजकर की गई है। प्रदर्शन करने वालों शिक्षकों में केन्द्र अधीक्षक शक्तिसिंह के अलावा सतीश प्रकाश, विनोद सोलंकी, पुरुषोत्तम शर्मा, राजीव सहारिया, संतोषी लाल, नरेश जैन, रिद्धीचंद जैन, घनश्याम शर्मा, रमेशचंद, अमर सिंह आदि शामिल रहे।

### निवेदन किया तो बोले-चुप रहो नहीं तो टर्मिनेट करा दूंगा



हिंडौन सिटी. निरीक्षण को आए एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन करता स्कूल स्टॉफ।

केन्द्र अधीक्षक शक्तिसिंह ने बताया कि बुधवार को 12वीं भूगोल की परीक्षा थी। सुबह 8:30 से 11:45 बजे हुई परीक्षा का निरीक्षण करने के लिए करीब 10:15 बजे एसडीएम शेरसिंह लुहाड़िया निरीक्षण करने पहुंचे, जो कि 12 बजे तक परीक्षा केन्द्र पर रहे। बोर्ड के नियमों के अनुसार परीक्षा केन्द्र पर वे ही शिक्षक अथवा कर्मचारी रह सकते हैं, जिनकी ड्यूटी रहती है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपस्थिति रजिस्टर मंगाया और जिनकी परीक्षा में ड्यूटी नहीं थी, ऐसे करीब 25 शिक्षकों के नाम के आगे प्रश्न चिह्न लगा दिया। जब एसडीएम से निवेदन किया गया कि बोर्ड नियमों के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है तो वे नाराज हो गए और कहा कि वे सब जानते हैं चुप रहो नहीं तो टर्मिनेट करा दूंगा। एसडीएम को बताया कि सभी शिक्षक बोर्ड परीक्षा के बाद आएंगे। गुरुवार से 10वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा होनी है और उसी बारे में गाइड लाइन देनी है। इसके बावजूद भी उन्होंने उनसे तथा अन्य शिक्षकों से अभद्रता की। प्रिंसीपल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के नियमानुसार स्थानीय केन्द्र पर तीन अतिरिक्त केन्द्र अधीक्षक लगाए गए हैं। उस पर भी आक्षेप करते हुए गलत टिप्पणी की। अतिरिक्त केन्द्र अधीक्षक सतीशप्रकाश शर्मा ने भी जब कोई जानकारी देनी चाही तो उन्हें डांट कर चुप कर दिया।

### तलाशी के नाम पर परीक्षार्थियों को परेशान आरोप, अभिभावकों ने की कलेक्टर से शिकायत

क्यारदाखुर्द के राजकीय सीनियर स्कूल परीक्षा केन्द्र पर पंजीकृत परीक्षार्थियों के अभिभावकों ने एसडीएम की ओर से तलाशी के नाम पर परीक्षार्थियों को बेवजह परेशान किए जाने की शिकायत की है। अभिभावक वीरेंद्र सिंह चौधरी, रमाकांत, अमीरचंद, महेन्द्र शर्मा आदि ने बताया कि 12 मार्च को 12वीं भौतिक विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा के दौरान उड़दस्ते ने क्यारदाखुर्द के सीनियर स्कूल परीक्षा केन्द्र पर जांच की थी। इसके बाद एसडीएम अन्य कर्मचारियों को लेकर केन्द्र पर पहुंच गए। जिन्होंने अपने साथ आए कार्मिकों को परीक्षार्थियों की जांच के लिए भेज दिया। बताया कि कार्मिकों ने जांच के नाम पर परीक्षार्थियों को परेशान किया, इस कारण परीक्षार्थियों के कई प्रश्न छूट गए। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है।

### आरोप निराधार, तीन-तीन अतिरिक्त केन्द्र अधीक्षक नियुक्त करना व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न

मेरे ऊपर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रिंसीपल को फील्ड सुपरवाइजर नियुक्त करने थे, लेकिन नहीं किए। कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए थे। स्कूल के निरीक्षण में तीन-तीन अतिरिक्त केन्द्र अधीक्षक नियुक्त करना परीक्षा व्यवस्थाओं के औचित्य पर ही प्रश्न खड़ा करता हैं। केन्द्र अधीक्षक की ओर से सभी परीक्षाओं में वीक्षण ड्यूटी लगाने के लिए 14 मार्च तक वीक्षकों को अग्रिम रुप से सूचित नहीं करना भी परीक्षा व्यवस्थाओं पर प्रश्न खड़ा करता है। इस परीक्षा केन्द्र का 13 मार्च को उपनिदेशक शिक्षा विभाग द्वारा भी निरीक्षण करना बताया गया, लेकिन विजिटर पंजिका में एंट्री नहीं पाई गई। केन्द्र पर मिली अव्यवस्थाओं एवं कमियों से शिक्षा विभाग एवं उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**शेरसिंह लुहाड़िया**, एसडीएम

शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार

# कार्यालय-प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

हिण्डौन सिटी जिला-करौली (राज०)


प्रेषक:
**प्रधानाचार्य**
**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय**
हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)
☎: 07469-232111


सत्यमेव जयते

प्रेषित :-
श्रीमान् सचिव महोदय
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
राजस्थान, अजमेर (राज.)

क्रमांक : रा./उ./मा./वि. हिण्डौन सिटी/2018/1128

दिनांक 14.03.18

विषय :- उपखण्ड अधिकारी द्वारा बोर्ड परीक्षा के निरीक्षण के दौरान अभद्रता करने के क्रम में।

प्रसंग :

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि आज दि. 14 03/2018 को प्रातः 10.15 पर श्रीमान उपखण्ड अधिकारी हिण्डौन श्री शेरसिंह लुहाडिया ~~ने~~ विद्यालय में आये। परिसर में आने के पश्चात निम्न विवरणानुसार उन्होंने मुझसे एवं मेरे स्टाफ से इरादतन अभद्रता की एवं प्रताडित किया -

1. परीक्षा के दौरान जिनकी ड्यूटी परीक्षा में थी केवल वही कर्मचारी मौजूद थे। उपखण्ड अधिकारी जी ने नियम विरुद्ध परीक्षा के दौरान भी समस्त स्टाफ को विद्यालय में उपस्थित रहने को कहा एवं रजिस्टर में उन कर्मचारियों के कालम में प्रश्नवाचक चिन्ह लगाये जो परीक्षा ड्यूटी नही होने के कारण परीक्षा उपरान्त ~~परीक्षा~~ के विद्यालय में उपस्थित होने थे।
2. बोर्ड परीक्षा के नियमानुसार स्थानीय केन्द्र पर 3 अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक लगाये गये हैं। उस पर आक्षेप करते हुए गलत टिप्पणी की।
3. परीक्षा प्रभारी एवं अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक श्री रिद्दीचन्द जैन से पूछताछ के दौरान दिमाग खराब होने एवं उनसे कहा कि "आप अपने दिमाग के जाले को साफ कराओ"।
4. नियमानुसार लगी ड्यूटी के बारे में कहा कि तुम मास्टर 100-100 रुपये की ड्यूटी पर मरते हो इसलिए ड्यूटी देते हो। यह शिक्षक की गरिमा पर कुठाराघात है।

क्रमशः—

शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार

# कार्यालय-प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

## हिण्डौन सिटी जिला-करौली (राज०)

प्रेषक: **प्रधानाचार्य**
**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय**
हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)
☎: 07469-232111

सत्यमेव जयते

प्रेषित :-
श्रीमान्

क्रमांक : रा./उ./मा./वि. हिण्डौन सिटी/2018/ 128 क्रमश: -2

दिनांक 14.03.18

विषय :

5. अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक श्री सतीश प्रकाश शर्मा ने जब कोई जानकारी देनी चाही तो उनसे कहा 'तुम चुप रहो'। डपटकर डांट दिया।

प्रसंग :

6. इन्होंने अपने साथ आये अनाधिकृत कर्मचारी से परीक्षा के दौरान कक्ष में भेजा जिसके साथ मोबाईल भी था एवं बीच बीच में बात भी करा रहा था। यह वाकया कमरा नं. 38, व 39 का है जोकि CCTV कैमरे की रिकार्डिंग में मौजूद है।

7. प्रधानाचार्य एवं केन्द्राधीक्षक के रूप में कार्यरत मुझसे भी अभद्र व्यवहार किया एवं मुझे टर्मिनेट कराने की धमकी दी एवं साथ ही कहा कि अबके बाद मैं शिक्षा सचिव बनूँगा एवं तुमको एक-2 को देख लूँगा। सबको सुधार दूँगा।

8. उपखण्ड अधिकारी ने प्रातः 10.15 से दोपहर लगभग 12 बजे तक अपने अवलोकन के दौरान परीक्षा सम्बन्धी कोई रिकार्ड चैक नहीं किया पूरे समय परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न किया।

श्रीमानजी यह सम्पूर्ण घटनाक्रम मा.शि. बोर्ड द्वारा लगाये गये CCTV कैमरे में ऑनलाईन मौजूद है।

अतः माननीय से निवेदन है कि बोर्ड परीक्षा विधिवत सम्पन्न हो इसलिए ऐसे अधिकारी को पाबन्द करने की कृपा करें।

प्रतिलिपि -
1. श्रीमान निदेशक महोदय मा.शि. बीकानेर
2 " शिक्षा सचिव राजस्थान सरकार जयपुर
3 " जिला कलेक्टर महोदय करौली
4 " जिला शिक्षा अधिकारी मा.शि. करौली
5 रक्षित पत्रावली

केन्द्राधीक्षक
रा०उ०मा०वि०, हिण्डौन सिटी
केन्द्र कोड -32053